# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिकक्षेत्र, नई दिल्ली 110016

क्रमांक : एफ-22(5)श्री.ल.ब.शा.रा.सं.वि.वि./डी.एस.डब्लू/ /1339 दिनांक: 21.11.2025

## छात्र परिषद् निर्वाचन २०२५-२६

### अधिसूचना

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम एवं शैक्षणिक नियम परिचायिका 2025-26 में प्रदत्त नियमों के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए छात्र परिषद् के गठन से सम्बन्धित नियम निर्धारण समिति की अनुशंसाओं के अनुसार अधोलिखित विवरणानुसार छात्र परिषद् सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया 03.12.2025 को प्रात: 10:00 से 03:00 बजे तक सारस्वतसाधनाकेन्द्र स्थित योग-हॉल में सम्पन्न की जाएगी।

| क्र०सं० | कक्षा | निर्वाचित हेतु निर्धारित स्थान |
|---|---|---|
| 1 | स्नातक (शास्त्री प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष) | 06 (शास्त्री प्रथम वर्ष 02, शास्त्री द्वितीय वर्ष 02, शास्त्री तृतीय वर्ष 02) |
| 2 | बी.ए. (प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष) | 01 (बी.ए. प्रथम वर्ष, बी.ए.द्वितीय वर्ष , बी.ए. तृतीय वर्ष) |
| 3 | स्नातकोत्तर (समस्त आचार्य प्रथम, द्वितीय वर्ष ) | 02 (आचार्य प्रथम वर्ष 01, आचार्य द्वितीय वर्ष 01) |
| 4 | एम.ए. | 01 (एम.ए प्रथम वर्ष, एम.ए द्वितीय वर्ष) |
| 5 | शिक्षाशास्त्री | 04 (शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष 02, शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष 02) |
| 6 | शिक्षाचार्य | 02 (शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष 01, शिक्षाचार्य द्वितीय वर्ष 01) |
| 7 | विद्यावारिधि | 03 (सत्र 2022-23 01, सत्र 2023-24 01, सत्र 2024-25 01) |
| | कुल सं० | १९ |

### चुनाव कार्यक्रम

1. आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा करने की तिथि - 24.11.2025 से 26.11.2025 (प्रात: 10:00 से 05:00 बजे) (कक्ष सं. 110 छात्रकल्याणपीठ कार्यालय, सारस्वतसाधना सदन)
2. नाम वापिस लेने की तिथि - 27.11.2025 अपराह्न 02:00 बजे तक
3. निर्वाचन तिथि - 03.12.2025 प्रात: 10:00 बजे से 03:00 तक (योग-हॉल, सारस्वतसाधनासदन)

**समिति के निर्णयानुसार अधोलिखित नियमों का पालन समस्त अभ्यर्थियों द्वारा किया जाएगा-**

1. समस्त चुनाव प्रक्रिया लिंगदोह समिति की अनुशंसाओं के अनुसार सम्पन्न की जाएगी।
2. निवार्चन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के इच्छुक अर्ह छात्र/छात्राएं विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान सत्र हेतु जारी अपने वैध परिचय पत्र के साथ छात्रकल्याणपीठ कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्राप्त कर निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र के साथ अन्तिम परीक्षा की अंक तालिका, वर्तमान सत्र का परिचय पत्र, फीस की रसीद की प्रति योजित कर सम्बन्धित विभागाध्यक्ष एवं पीठाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित करवाकर निर्धारित समयावधि में अपने परिचय पत्र के साथ उपस्थित होकर छात्रकल्याणपीठ कार्यालय में जमा कर सकेंगे।
3. सभी अभ्यर्थी अपनी निर्धारित प्रचार सामग्री मुख्य द्वार के पास स्थित एवं शैक्षणिक भवन के मुख्य द्वार के पास स्थित निर्धारित स्थान पर ही प्रचारित कर सकेंगे। इसके अलावा परिसर में अन्य किसी स्थान पर भी प्रचार सामग्री प्रचारित करने की अनुमति नहीं होगी।

4. निवार्चन के समय अभ्यर्थी अथवा अभ्यर्थी द्वारा अधिकृत एक सदस्य को निर्वाचन केन्द्र पर उपस्थित रहने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी, जिसके लिए प्रातः 09:15 बजे निर्वाचन स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना होगा।

5. किसी भी अभ्यर्थी की इस सत्रार्ध में उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम स्वीकार्य नहीं होगी। साथ ही विगत परीक्षा के समस्त प्रश्न पत्रों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

6. किसी भी अभ्यर्थी के विरूद्ध यदि कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही किसी भी स्तर पर पाई जाती है तो उसका आवेदन पत्र नियमानुसार निरस्त कर दिया जाएगा।

(प्रो. परमानन्द भारद्वाज)
चुनाव अधिकारी

प्रतिलिपिः-

1. समस्त पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
2. कुलानुशासक
3. समस्त सहायक कुलसचिव
4. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को इस आशय से प्रेषित की वह सूचना वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. अभियान्त्रिकी विभाग को इस आशय से प्रेषित निर्धारित समय पर चुनाव स्थल को व्यवस्थित करवाये।
6. सम्बन्धित पत्रावली

21.11.2025

(प्रो. परमानन्द भारद्वाज)
चुनाव अधिकारी

Website & Whatsapp आवश्यक कार्यवाही हेतु
21/11/25
Sh. Sachin